389 क्विंटल गेहूं से भरा ट्रक रहस्यमय ढंग से लापता

नवभारत न्यूज

नरवर 22 जून। नरवरअनाज मंडी नरवर के एक व्यापारी का 389 क्विंटल गेहूं से भरा ट्रक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। ट्रक के साथ चालक का भी कोई पता नहीं चल पा रहा

▸ चालक का मोबाइल भी हुआ बंद

है। मामले को लेकर व्यापारी ने नरवर थाना में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, नरवर स्थित मैसर्स हरीशंकर नीरज कुमार फर्म के प्रोपराइटर

हरीशंकर अग्रवाल ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी फर्म का 389 क्विंटल गेहूं ट्रक क्रमांक ऋ्ह11त्न्ष्ठ4058 में लोड कर 16 जून की रात 9:40 बजे नरवर से उत्तर प्रदेश के हापुड़ स्थित कंसल फूड इंडस्ट्रीज के लिए रवाना किया गया था।

बताया गया है कि उक्त ट्रक अजय रामेश्वरपुरी गोस्वामी के नाम पर पंजीकृत है और स्वयं अजय गोस्वामी ही वाहन चला रहा था। चालक से 17 जून की शाम तक संपर्क बना रहा, लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। साथ ही ट्रक भी अपने स्थान तक नहीं पहुंचा।व्यापारी को 19 जून को जानकारी मिली कि ट्रक का अंतिम टोल मालनपुर मुरैना में कटा था। इसके बाद ट्रक और चालक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। ट्रक में भरे गेहूं की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

फर्म संचालक हरीशंकर अग्रवाल ने पुलिस से मामले की जांच कर ट्रक एवं उसमें भरे गेहूं की बरामदगी कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रपति के कूनो भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से चौपाल में संवाद

नवभारत न्यूज

पोहरी 22 जून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कूनो नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाओं में तैनात एसडीएम जे.पी. गुप्ता एवं जनपद पंचायत पोहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आफीसर सिंह गुर्जर ने अहेरा गेट पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। ड्यूटी के उपरांत दोनों अधिकारियों ने ग्राम अहेरा में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों के साथ रात्रि चौपाल आयोजित की तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की।

अगले दिन प्रात: अधिकारियों ने स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कक्षा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण छात्र-

छात्राओं का ट्राइबल हॉस्टल में प्रवेश सुनिश्चित कराने के संबंध में भी समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा पूर्व में रात्रि विश्राम कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन को लेकर डीपीसी एवं डीओटीडब्ल्यू अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने तथा विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए सभी आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया।

सतनवाड़ा पुलिस ने 70 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सतनवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 7 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिली थी कि रुधियापुरा तालाब के छर्रा के पास एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब बेचने की फिराक में बैठा है। सूचना पर थाना सतनवाड़ा पुलिस ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी अभिषेक गुरुवर पुत्र

▸ तलाशी के दौरान 50 लीटर क्षमता के नीले ड्रम और 20 लीटर की सफेद कैन जब्त

ओमप्रकाश, निवासी आदिवासी बस्ती ग्राम कांकर को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 50 लीटर क्षमता के नीले ड्रम और 20 लीटर की सफेद कैन में कुल 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब बरामद हुई। शराब रखने और बेचने का कोई वैध लाइसेंस न मिलने पर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक भोलाराम पुरोहित, प्रधान आरक्षक निरंजन सिंह गुर्जर, प्रधान आरक्षक सोनू रजक, आरक्षक प्रशांत गुर्जर, आरक्षक गजराज सिंह, आरक्षक सौरभ राजावत एवं आरक्षक चालक सोनू गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

योग अपनाएं, स्वस्थ और खुशहाल जीवन पाएं : मालवीय

भैरुंदा. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष रवि मालवीय निगम ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें,ताकि स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर एसडीएम सुधीर कुशवाह, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल, रितेश मकवाना, सुनील महेश्वरी, राजेश पंवार, संजय पटेल, अमित मीणा, बीईओ साक्षी जैन, बीआरसी विजय पंवार, ललित कीर आदि उपस्थित थे.

सूरत से बरामद हुई नाबालिग, अपहरण आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। ऑपरेशन मुस्कान के तहत भौंती पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपहरण की शिकार एक नाबालिग बालिका को गुजरात के सूरत शहर से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

पुलिस के अनुसार 24 मार्च 2026 को एक फरियादी ने थाना भौंती में अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत पर अपराध क्रमांक 78/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया,

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। लगातार प्रयासों और तकनीकी जांच के बाद पुलिस टीम ने नाबालिग बालिका को गुजरात के सूरत शहर से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी बृजेन्द्र रजक पुत्र हरविलास रजक उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बमना, थाना पिछोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस सफल कार्रवाई में चौकी खोड़ प्रभारी उपनिरीक्षक कुसुम गोयल, सहायक उपनिरीक्षक संजय भगत, प्रधान आरक्षक अभयराज सिंह, आरक्षक रविकांत शर्मा, आरक्षक बंटी उमरैया, आरक्षक गजेन्द्र शर्मा, महिला आरक्षक अनीता शर्मा एवं महिला आरक्षक सुनीता तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जानकी प्राकट्योत्सव को राष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग तेज

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। मां जानकी प्राकट्योत्सव दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेती दिखाई दे रही है। इस अभियान को उस समय और मजबूती मिली जब शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन और

▸ विधायक देवेंद्र जैन और जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव का मिला समर्थन

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा अमित यादव ने इस मांग का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पत्र लिखकर अपना समर्थन दर्ज कराया।

अंतर्राष्ट्रीय जानकी सेना संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने दोनों

जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर मांग ज्ञापन सौंपा। संगठन का कहना है कि मां जानकी भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति, त्याग और आदर्शों की प्रतीक हैं, इसलिए उनके प्राकट्योत्सव दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलनी चाहिए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत ने बताया कि इस मांग को लेकर प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 10 हजार मांग पत्र भेजने का लक्ष्य रखा गया था, जिसे बढ़ाते हुए अब 12 हजार मांग पत्र भेजे जाने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि संगठन ने इस अभियान के लिए 14 चरणों की रणनीति तैयार की है। प्रत्येक चरण में लोकतांत्रिक तरीके से जनसमर्थन जुटाया जाएगा। अभियान को नई दिशा देने के लिए जल्द ही राजधानी भोपाल में एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी रणनीति का खुलासा किया जाएगा। विक्रम सिंह रावत ने कहा कि यदि सभी संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रयासों के बावजूद मांग पूरी नहीं होती है तो अंतिम चरण में जानकी सैनिक आमरण अनशन का रास्ता भी अपना सकते हैं।

ओरिएंटल स्कूल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

बुधनी. ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. निदेशक नील कमल सरकार, प्राचार्य नीलिमा सरकार एवं डॉ. अशोक विश्वास की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा समस्त स्टाफ ने योगाभ्यास और प्राणायाम किया. डॉ. अशोक विश्वास ने कहा कि योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और एकाग्रता में वृद्धि होती है. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही बेहतर नहीं बनाता, बल्कि स्मरण शक्ति और मानसिक संतुलन को भी मजबूत करता है. विद्यालय निदेशक नील कमल सरकार ने विद्यार्थियों को योग का इतिहास एवं उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी. उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आह्वान किया.

मेरा युवा भारत केंद्र में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर मेरा युवा भारत केंद्र शिवपुरी द्वारा सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेरा युवा भारत शिवपुरी के जिला युवा अधिकारी अयंक कुहर के निर्देशन में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत नगर अध्यक्ष संदीप महेश्वरी रहे। इस अवसर पर उपस्थित योग साधकों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को स्वस्थ, मन को शांत तथा जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण बनाता है। योग केवल व्यायाम

नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की श्रेष्ठ जीवन शैली है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से योग आज विश्वव्यापी जनआंदोलन बन चुका है और करोड़ों लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। सभी नागरिकों से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में करे योग, रहे निरोग का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इमरत कुशवाहा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह बघेल, प्रधान अध्यापक धनीराम कुशवाहा, मेरा युवा भारत नरवर के वॉलिंटियर हेमनिशा, आजाद युवा मंडल चकरामपुर के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाह सहित बड़ी संख्या में योग साधक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

दून पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। आयुष मंत्रालय के निर्देश एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में स्थानीय दून पब्लिक स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ एवं

▸ योग फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने पौधारोपण का लिया संकल्प

विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्था के योग प्रशिक्षक कार्तिक जैन ने इस वर्ष की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के अनुरूप योगाभ्यास कराया। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम से शुरुआत करते हुए ताड़ासन, वृक्षासन, शशांक आसन, अर्धभुजंगासन एवं उत्तानपादासन का अभ्यास कराया। सत्र के अंत में प्रतिभागियों को मानसिक शांति एवं एकाग्रता के लिए ध्यान (मेडिटेशन) कराया गया।

इस अवसर पर कार्तिक जैन ने तनावमुक्त जीवन के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सभी को पौधारोपण का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शुद्धि का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए अखलाक खान ने कहा कि योग तन और मन को जोड़कर आत्मबल को मजबूत करता है तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में दून पब्लिक स्कूल एवं रेडिएंट कॉलेज के डायरेक्टर शाहिद खान तथा प्राचार्य अभिजीत घोषाल ने योग प्रशिक्षक कार्तिक जैन का पुष्पगुछ भेंट कर स्वागत किया। अंत में डायरेक्टर शाहिद खान ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों ने सीधा प्रसारण के माध्यम से किया योगाभ्यास

बुधनी.शासकीय पीएमश्री विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय एवं पीएम श्री कन्या विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सीधा प्रसारण के माध्यम से योग, व्यायाम एवं विभिन्न शारीरिक क्रियाओं में सहभागिता की. इस दौरान योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित व्यायाम की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया. छात्र-छात्राओं ने योग क्रियाएं कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया. कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय, कृष्ण मालवीय, धीरेंद्र तिवारी, प्रवीण चौहान, शिवानी यादव, श्रीकांत शर्मा, मांगीलाल यादव, बीईओ शशि सिंह, प्राचार्य सुधा सालुमान, प्राचार्य डॉ. ओपी यादव, सुरेंद्र जमालिया, नवीन तनेजा, जीपी दायमा, दुर्गा वर्मा, नमिता तिवारी, सोनिया, पीटीआई गोपाल चौहान और मोहम्मद इरफान, धीरेंद्र तिवारी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

योग अपनाएं जीवन को खुशहाल बनाएं : वोहरा

आष्टा. न्यायालय प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिक्षक अंकित वोहरा द्वारा न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण को योगाभ्यास कराया गया. जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विजय डांगी ने बताया कि प्राचीन योग परम्परा को वैश्विक पहचान दिलाने वाला आज का दिन अब दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियानों में से एक बन चुका है.इस अवसर पर जिला न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, अमन सूलिया, प्रीति अग्रवाल, मीनाक्षी रावत, धीरज धारवां, कुलदीप शर्मा, सीताराम परमार, भूपेश जामलिया आदि उपस्थित थे.

साहित्यिक गोष्ठी में कवियों ने बिखेरे भावों के रंग

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। मध्य प्रदेश लेखक संघ एवं स्वर्गीय श्री रामकिशन सिंघल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय दुर्गा मठ में पावस तुम्हें प्रणाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

▸ पावस तुम्हें प्रणाम कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा

कार्यक्रम पावस ऋतु की महिमा, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं पिता दिवस को समर्पित रहा। इस अवसर पर लेखक-संपादक डॉ. महेंद्र अग्रवाल, साहित्यकार गोविंद अनुज एवं अखलाक खान ने पर्यावरण, योग और पारिवारिक मूल्यों पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवि

बसंत श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। रामकृष्ण मौर्य ने पति-पत्नी संबंधों पर हास्य-व्यंग्य रचना प्रस्तुत कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। नितेश कोठारी ने रूमानी गजल सुनाई, जबकि निर्मल हरि ने पिता को समर्पित गजल में कहा— वालिद नहीं है जहां में तो हर कोई यतीम है।

श्रीमती मृदुला नामदेव ने वर्षा ऋतु पर आधारित भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया, वहीं राकेश भटनागर भ्रमर के सद्भाव और मानवता पर आधारित गीत धरती बांटी, सागर बांटा, मत बांटो इंसान को को श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि राकेश मिश्रा ने शिक्षा विभाग में गैर-शैक्षणिक कार्यों की अधिकता पर व्यंग्यात्मक कविता प्रस्तुत की।

इसरत ग्वालियरी, अजय जैन अविराम, कल्पना सिनोरिया, एम.एस. द्विवेदी, डॉ. महेंद्र अग्रवाल एवं डॉ. निसार अहमद सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक, पारिवारिक और मानवीय मूल्यों को अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

योग दिवस पर मेडिकल कॉलेज में सामूहिक योगाभ्यास

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में योग प्रशिक्षण एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों, प्राध्यापकों, नर्सिंग स्टाफ, एमबीबीएस एवं पैरामेडिकल विद्यार्थियों सहित आरोग्य भारती के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सह-नोडल अधिकारी एवं अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में

इस वर्ष की थीम स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। शल्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष एवं योग गुरु डॉ. अनंत राखोंडे ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया तथा उनके स्वास्थ्य लाभ बताए। इस दौरान डॉ. विवेक पुरवे ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. डी. परमहंस ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। आरोग्य भारती के विभाग संरक्षक आलोक एम. इंदोरिया एवं नगराध्यक्ष रवि गोयल ने भी योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशुतोष चौरषी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संचालन शिवम शर्मा ने किया तथा अंत में डॉ. राजेन्द्र पवैया ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अपराजिता तोमर, डॉ. सिरस धीर, डॉ. शुभांगी, डॉ. योति शुक्ला, डॉ. किरण थोराट सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जनमन आवास में लापरवाही के चलते करई सचिव सस्पेंड

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 22 जून। जनमन आवास योजना के हितग्राहियों के भुगतान में बरती गई लापरवाही ग्राम पंचायत करई के सचिव अशोक रावत पर भारी पड़ गई।

▸ जनसुनवाई की शिकायत ने खोली पोल

जनसुनवाई में पहुंची शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

बताया गया है कि योजना के भुगतान को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जांच कराई गई। जांच के दौरान सचिव को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही सामने आने पर जिला पंचायत सीईओ विजय राज ने निलंबन आदेश जारी कर दिया। निलंबित सचिव का मुख्यालय जिला पंचायत शिवपुरी निर्धारित किया गया है। वहीं पंचायत के कामकाज और हितग्राहीमूलक योजनाओं पर असर न पड़े, इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक नीलम रावत को आगामी आदेश तक सचिव के दायित्व सौंप दिए गए हैं।